53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.5° c | अधिकतम 37.0 °c

**अमृतवाणी**

जिन्दगी का एक उसूल हमेशा रखना, पहचान सबसे रखना, लेकिन भरोसा सिर्फ खुद पर रखना।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

भारत की प्रगति से दूसरों की प्रगति के रास्ते खुलते हैं : मोदी



सूर्योदय - 5:58, सूर्यास्त - 6:42 | वर्ष : 53/ अंक : 98 | बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

कांग्रेस को तो आपसे बहुत शिकायतें हैं.........




**"140 करोड़ भारतीयों के चहुँमुखी विकास हेतू की गई शोध"** की विस्तृत जानकारी के लिए QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर क्लिक करे।

1. "कण्व आश्रम का जीर्णोद्धार" जहां भारत का नाम भारत रखा गया। विस्तृत जानकारी के लिए कृप्या QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर https://youtu.be/i0Up65-7M70 क्लिक करे।

2. सड़को का सौदर्यीकरण। विस्तृत जानकारी के लिए कृप्या QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर https://youtu.be/N_0Oatflm4k क्लिक करे।

3. सड़क दुर्घटनाओं में कैसे आये कमी। विस्तृत जानकारी के लिए कृप्या QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर https://youtu.be/g5O4Sb_7gI0 क्लिक करे।

4. कांवड़ यात्रा को ओर ज्यादा सफल, सुखद, सुरक्षित कैसे बनाया जाये। विस्तृत जानकारी के लिए कृप्या QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर https://youtu.be/kHdqQoeID-Q क्लिक करे।

5. दीपावली पूजन बॉक्स को घर – घर पहुंचाने व लोगो का उत्साह बढ़ाना। विस्तृत जानकारी के लिए कृप्या QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर https://youtu.be/edLy3BiCYvQ क्लिक करे।

6. विश्व के तीन पंचमुखी शिव मंदिर में एक संभलहेडा, मुजफ्फरनगर भी है। विस्तृत जानकारी के लिए कृप्या QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर http://surl.li/nzqrk क्लिक करे।

7: **"गुरूकुल एवं प्राकृतिक खेती फार्म"** शुक्रताल एक तीर्थ स्थल है, विस्तृत जानकारी के लिए कृप्या QR Code Scan & यूटयूब वीडियो लिंक पर http://surl.li/nzqrc क्लिक करे।

## लोकतंत्र की जान–''मतदान''

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र  पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)  डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24  Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606  संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा  रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 98  बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल 2025  चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी  सम्वत् 2082  मूल्य 3 रुपये  पृष्ठ-2

## उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा, 2% डीए बढ़ा

**लखनऊ, 9 अप्रैल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों को खुश होने का एक और मौका दे दिया है। राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो फीसदी का इजाफा किया है। सरकार की ओर से महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी करने और वेतन में इजाफा होने की खबर आने के बाद कर्मचारियों में खुशी की लहर है। योगी सरकार की ओर से महंगाई भत्ते में की गई यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। राज्य के कर्मचारियों को इस बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान अप्रैल 2025 की सैलरी के साथ मिलेगा। यानी मई महीने में पेमेंट आएगा। इस बढ़े हुए महंगाई भत्ते से सरकार पर मई, 2025 में 107 करोड़ रुपये तथा एरियर के पेमेंट से 193 करोड रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। वहीं, ओपीएस वाले कार्मिकों के जीपीएफ में 129 करोड़ रुपये जमा होंगे। इसके बाद जून 2025 से हर महीने सरकार पर 107 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा। हाल ही में केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। इन कर्मचारियों का डीए बढ़कर 55 फीसदी हो गया है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 1 करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा मिला है। केंद्रीय कर्मचारियों का डीए बढ़ने के बाद अब राज्य सरकारें भी अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा कर रही हैं।

# शाहनवाज राणा से मोबाइल बरामद होने के बाद अपनी साख बनाने में लगा जेल प्रशासन

**मुजफ्फरनगर, 9 अप्रैल (बु.)।** आपको बता दें कि कुछ दिन पहले जेल प्रशासन ने शाहनवाज राणा के पास से एक काले रंग का मोबाइल बरामद हुआ दिखाया था। बरामदगी से पहले शायद जेल प्रशासन ने यह नहीं सोचा था कि शाहनवाज के पास से उक्त मोबाइल बरामद होने के बाद खुद उनकी प्रशासनिक व्यवस्था पर ही अंगुली उठती दिखाई देगी। जैसे ही शाहनवाज से मोबाइल बरामद किया गया तो मीडिया ने ही यह सवाल खड़े कर दिये कि आखिर शाहनवाज तक मोबाइल जेल कर्मी के बंदी के द्वारा ही तो पहुंचाया गया होगा। अब इस मोबाइल को पहुंचाने में उसने क्या सुविधा शुल्क लिया होगा, बस इसी जाल में पूरा जेल प्रशासन फंसा हुआ है। अब अपनी शाख बनाने के लिए जेल प्रशासन में बंदियों को सुविधा दिलाने के नाम पर अवैध वसूली करने वाले दलालों पर कार्यवाही शुरू की है। जेल प्रशासन की ओर से एक नामजद, एक अज्ञात के खिलाफ नई मण्डी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर दो लोगों को




फिलहाल बली का बकरा बनाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि 4 अप्रैल को इसी मामले में डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने जेल का निरीक्षण किया था। इस दौरान शामली जनपद की एक महिला ने डीजी जेल के सामने गिनती कटवाने के नाम पर खुलकर यह कह दिया गया था कि आपके जेल प्रशासन ने गिनती कटवाने के 21 हजार रुपये मांगे हैं। डीजी जेल को महिला की शिकायत को गंभीरता से इसलिए भी लेना पड़ा, क्योंकि महिला ने सार्वजनिक रूप से ये बात कही थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लिखित में शिकायत पत्र लेकर जांच के आदेश दे दिये गए थे। जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी का बताना है कि मामले की जांच कारापाल यशवेन्द्र यादव को सौंपी गयी थी। कारापाल ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि जेल परिसर के बाहर कुछ लोगों द्वारा फोटो स्टेट, सब्जी व फलों के ठेले लगाए जाते हैं, जो कारागार में निरुद्ध बंदियों से आने जाने वाले मुलाकातियों से बातचीत कर उनको प्रलोभन व बंद बंदियों को पिटाने का भय दिखाकर सुविधा दिलाने के नाम पर अवैध रूप से धन वसूलते हैं। इनमें फबी निवासी अज्ञात व एक अन्य को अधिकांश जेल के बाहर देखा गया है। ये लोग जेल प्रशासन के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। नई मण्डी कोतवाली में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है तथा मामले की जांच शुरू हो गयी है। अब इस तरह के लोगों पर शिकंजा कसने के लिए जेल प्रशासन की तैयारी शुरू हो चुकी है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगाया 125% टैरिफ

**वाशिंगटन, 09 अप्रैल (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि वे



चीन पर 125 फीसदी टैरिफ लगा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने साथ ही अधिकांश देशों को बड़ी राहत भी दी है। ट्रंप ने कहा कि वे अधिकतर देशों पर टैरिफ को 90 दिनों के लिए वापस ले रहे हैं। शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बीच ट्रंप ने यह फैसला लिया है।

## घर आ रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत

**मीरापुर, 9 अप्रैल (बु.)।** बीती रात अपने काम से वापिस घर लौट रहे एक व्यक्ति को एक वाहन ने टक्कर मारकर बुरी तरह कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरापुर की बीआईटी पुलिस चौकी से बेहड़ा सादात मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। गांव कासमपुरखोला निवासी शीषपाल पुत्र हरचरण (55 वर्ष) उक्त मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य करने वाले ठेकेदार का पास नौकरी कर रहा था। मंगलवार की देररात्रि शीषपाल अपना काम खत्म



करने के बाद गंगदासपुर से वापिस घर आ रहा था। जैसे ही शीषपाल कासमपुरखोला के समीप पहुँचा, तभी तेज गति से आये एक वाहन ने शीषपाल को टक्कर मार दी और उसे बुरी तरह कुचल दिया, जिससे शीषपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जब काफी देर तक शीषपाल घर नहीं पहुँचा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, तो सड़क दुर्घटना में मृत शीषपाल का शव उन्हें मिला। जिस पर परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश में जुट गई।

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आज जनपद में

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)। उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का दो दिन मुजफ्फरनगर में प्रवास रहेगा। 10 अप्रैल को वे शहर के एक होटल में होने वाली जनपद के उद्यमियों की कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहेंगे, वहीं 11 अप्रैल को शुकतीर्थ हनुमत**




**धाम में पहुंचेंगे। जनपद में दो दिन के लिए जनपद में आगमन की सूचना से जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन में सक्रियता बढ़ गई है। गुरूवार 10 अप्रैल को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना नगर में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिशन के तत्वावधान में होटल प्लासा में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में एमएसएमई की सहभागिता विषय पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम शाम को शुरू होगा, जिसमें शामिल होने के लिए आज दोपहर बाद तक सतीश महाना मुजफ्फरनगर पहुंचेंगे। इसके बाद रात में वे शहर में ही रहेंगे। अगले दिन शुक्रवार यानि 11 अप्रैल को वे शुकतीर्थ पहुंचेंगे, जहां हनुमत धाम मंदिर में आयोजित हनुमान जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। इन दोनों कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बुधवार को नगर मुख्यालय से शुकतीर्थ तक होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां तेज हो गई है।**



## नौसेना के लिए 63 हजार करोड़ रुपये में 26 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली 09 अप्रैल (वार्ता)** नौसेना को अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों से लैस करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने फ्रांस से 63 हजार करोड़ रूपये की लागत से 26 मरीन राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने मंगलवार को इन विमानों की खरीद को मंजूरी दी। इन लड़ाकू विमानों के मिलने के बाद नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ जायेगी। अभी वायु सेना के बेड़े में 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। सरकार से सरकार के बीच होने वाली इस खरीद को नौसेना के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सौदे को लेकर भारत और फ्रांस के बीच करीब दो वर्ष से बात चल रही थी। सूत्रों ने बताया कि इस अनुबंध पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की संभावना है और विमानों की आपूर्ति में चार से पांच वर्ष का समय लग सकता है। अनुबंध के पैकेज में विमानों का रख रखाव , प्रशिक्षण और कलपुर्जो का देश में ही निर्माण भी शामिल है। कुल 26 विमानों में से 22 एक सीट वाले और चार दो सीट वाले होंगे। चार-पांच वर्ष बाद जब इन विमानों को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा तो इनकी तैनाती स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर की जायेगी। अभी भारतीय नौसेना के पास मिग-29 के लड़ाकू विमानों का बेड़ा है।

# खंडहर में चल रही अवैध तमंचा फैक्ट्री पकड़ी

**मुजफ्फरनगर, 9 अप्रैल (बु.)। बुढ़ाना पुलिस ने आम के बाग में स्थित खंडहर में चल रही अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने अवैध हथियार तैयार कर रहे सरगना समेत तीन अन्य आरोपियों को भी मौके से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने तीन बने व 20 अधबने तमंचे व इनको बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। पकड़े गए आरोपियों से तमंचे खरीदने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका और वह फरार हो गया। पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की देर रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सफीपुर मार्ग पर स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज से चंद कदमों की दूरी पर आम के बाग में खंडहर में दबिश दी। यहां आरोपी चोरी-छिपे अवैध तमंचे तैयार कर रहे थे। छापेमारी में बुढ़ाना थाना प्रभारी आनन्द देव मिश्र ने टीम के साथ मौके पर अवैध हथियारों को बना रहे आरोपी राहुल निवासी कस्बा मंडी, मेहरबान निवासी मंदवाड़ा, कय्यूम निवासी हुसैनपुर थाना बुढ़ाना को गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास से पुलिस ने बने व अधबने बीस तमंचे बरामद किये हैं। इसी के साथ साथ इन**



**अवैध तमंचों को बनाने के उपकरण भी आरोपियों से बरामद किये गए। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मेहरबान इस गिरोह का सरगना है जो तमंचा बनाने के उपकरण व जगह निर्धारित करता है। गिरोह में शामिल फरार आरोपी अंकुर निवासी थाना फुगाना तमंचे को 4-5 हजार रुपये में सप्लाई करता है। यह गिरोह पिछले एक माह से यहां तमंचे बना रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है।**

## राम रहीम को मिला 21 दिन का फरलो

**चंडीगढ़, 09 अप्रैल (वार्ता)** साध्वी यौन शोषण एवं पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में 20 वर्ष की कैद की सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को बुधवार को 21 दिन के फरलो पर रोहतक की सुनारिया जेल से रिहा कर दिया गया। हरियाणा सरकार ने पिछले सात वर्षों में 14वीं बार डेरा प्रमुख का परोल/फरलो मंजूर किया है जिसमें से अधिकांश किसी न किसी चुनाव के आसपास किए गए हैं। पिछली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले राम रहीम को 30 दिन के परोल पर रिहा किया गया था। उससे पहले पिछले साल लोकसभा चुनाव, हरियाणा विधानसभा चुनाव के मौकों समेत राम रहीम को परोल/फरलो पर जेल से रिहा किया गया था।



# अभी से गर्मी का ये हाल, आने वाले दिनों में गर्मी कर देगी बेहाल

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** एकाएक गर्मी बढ़ जाने से अब सड़कों पर चलना दूभर होने लगा है। बाजारों में दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरना शुरू हो गया है। जरूरी काम के लिए ही अगर लोग घर से बाहर निकल रहे हैं तो सिर पर अपने अस्त्र-शस्त्र के रूप में दुपटटा, अंगोछा, पगड़ी आदि पहनकर निकलते दिखाई पड़ रहे हैं। युवतियां तो सिर से मुंह तक ढ़ककर बाजारों में जाती दिखाई पड़ती ही हैं, साथ ही साथ युवक भी अब ऐसा ही रूप धर कर चलने लगे हैं। कुछ घरों में बेशक पंखे का प्रयोग कर-के अपने आपको बचाया जा रहा है, मगर जो जरा भी गर्मी बर्दाश्त नहीं कर पाते, उनके घरों में कूलर व एसी चलने शुरू हो गये हैं। अभी तो यह तापमान अप्रैल माह के शुरूआत में ही 37 डिग्री से ऊपर जा पहुंचा है और माना जा रहा है इसी माह में आने वाले दिनों में 42 डिग्री पहुंच कर लोगों को ुलसाता दिखाई देगा और ऐसे तापमान में चाहे जितने भी जतन कर लो, गर्मी से बच पाना मुश्किल होगा। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में किस तरह से लोग गर्मी से आने वाली बीमारियों जैसे उल्टी-दस्त-बुखार से अपने आपको बचाने का काम करेंगे।







## बकरी चोरी के मामले में पुलिस ने चार शातिरों को किया गिरफ्तार

### एक बकरी, 23,850 रुपये, इको कार व शस्त्र किये बरामद

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** 1 अप्रैल को मुबारिकपुर सिखेड़ा के रहने वाले पाल्ला पुत्र बलदेवा ने तहरीर देते हुए बताया था कि उसके साथ गंगनहर पटरी काटका पुल पर तीन अज्ञात व्यक्तियों ने तीन बकरियों की चोरी कर ली थी। उक्त तीनों बकरियां ईको कार में लादकर आरोपी अपने साथ ले गए थे। आज बुधवार को घटना का अनावरण करते हुए पुलिस ने सफलता हासिल की और चरथावल के रहने वाले शाकिब अंसारी पुत्र अनीस अंसारी, उस्मान त्यागी पुत्र सत्तार त्यागी, आशिफ कुरैशी पुत्र कल्लू, अलमस कुरैशी पुत्र शाहिद कुरैशी निवासीगण चरथावल को गिरफ्तार कर लिया, जिनसे तीन में से एक बकरी, इको कार यूपी 12-बीवी-6608 व दो बकरियों को बेचकर चोरों से 23,850 रुपये की नकदी बरामद की। इन्हीं से एक तमंचा मय दो जिंदा 312 बोर के कारतूस, दो चाकू भी बरामद किये। पुलिस का कहना है कि चारों शातिरों को गंगनहर पटरी से ही गिरफ्तार किया गया है।






## थराली में तीन घंटे की बारिश से मची तबाही, उफनाए नदी और नाले, मलबे में दबीं गाड़ियां

**देहरादून, 09 अप्रैल (एजेंसी)।** उत्तराखंड में बुधवार को लंबे समय बाद मौसम ने करवट बदली और पहाड़ी इलाकों में बारिश हुई। वहीं, चमोली के थराली में कई गांव में तेज आंधी तूफान के साथ मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी। तहसील के ग्वालदम, थराली, डुंग्री, कुलसारी, तलवाड़ी सहित कई गांवों में हुई तेज बारिश से लोग सहम गए। बारिश से थराली बाजार में बरसाती गदेरे के उफान पर आने से 10 से अधिक वाहन बरसाती मलबे की चपेट में आ गए। जबकि छह से अधिक दुकानों में मलबा और पानी घुस गया। सूचना पर पहुंची तहसील प्रशासन की टीम ने किसी तरह वाहनों को मलबे से निकाला। वहीं देवाल मोटर मार्ग कोठी और ऊणी में मलबा आने से बंद हो गया। बुधवार दोपहर बाद तेज आंधी चली और मूसलाधार बारिश हुई जिससे दिन में ही अंधेरा छा गया। लगातार 3 घंटे की बारिश से बरसाती गदेरे और नालों में उफान आ गया। थराली देवाल मार्ग कोठी और ऊणी के बीच मलबा आने से बंद हो गया। जबकि मुख्य बाजार थराली में दुकानों के अंदर पानी और मलबा घुसने से छह से अधिक व्यापारियों का सामान बरबाद हो गया। तहसील मुख्यालय के पास नाले में भारी मात्रा में मलबा आने से 10 से अधिक वाहन इसकी जद में आ गए। वहीं तहसीलदार अक्षय पंकज ने बताया कि फंसी हुई गाड़ियों को निकाला जा रहा है। जबकि फसलों को हुए



नुकसान का सर्वेक्षण किया जाएगा और रिपोर्ट के बाद सहायता की जाएगी। वहीं, थराली, केदारबगड़, राड़ीबगड़ सहित बाजारों में पानी भर गया। बारिश से कई घरों में भी पानी घुसा। तेज बारिश से त्रिकोट और भेंटा गदेरा उफान पर आ गया। वहीं थराली और गैरसैंण में ओलावृष्टि हुई। गैरसैंण के दिवालीखाल, भराड़ीसैंण, महरगांव, रामड़ा मल्ला, कुंजापानी आदि ऊंचाई वाले इलाकों में तेज बारिश हुई। किसान सुरेंद्र खत्री, सुरेश सिरस्वाल ने कहा कि माल्टा ,आड़ू, सरसों की फसलों को ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है।

## बिजनौर में बजरंग दल नेता के हत्याकांड में 3 गिरफ्तार

### सौतेले भाई ने खाने में मिलाई नशीली गोलियां, फरसे से काटी गर्दन; पिता-सौतेली मां भी अरेस्ट

**बिजनौर, 9 अप्रैल (एजेंसी)।** बिजनौर में बजरंग दल के जिला गौरक्षा प्रमुख सत्येंद्र उर्फ मोंटी बजरंगी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में मृतक के पिता बलराज, सौतेली मां मधु और सौतेला भाई मानव उर्फ बंटू शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि मोंटी अपने हिस्से की 10 बीघा जमीन गौशाला को दान करना चाहता था। इसी बात से नाराज होकर सौतेले भाई मानव ने हत्या की योजना बनाई। उसने इस साजिश में अपने पिता और मां को भी शामिल किया। एसपी सिटी संजीव वाजपेई के अनुसार, घटना रविवार रात की है। मानव ने रात करीब 10 बजे मोंटी के खाने में नशीली गोलियां मिला दीं, जब रात 12:30 बजे मोंटी बेहोश हो गया, तब मानव ने फरसे से उसकी गर्दन पर वार कर




हत्या कर दी। मृतक के मामा भागेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसमें मृतक के पिता, सौतेली मां, सौतेला भाई, सौतेली बहन शालू और बहनोई अजय का नाम था। पुलिस ने मंगलवार शाम को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। काटकर हत्या कर दी थी। सुबह माता-पिता ने नशे की गोलियां खा ली, जिससे पुलिस को गुमराह किया जा सके। पुलिस ने हत्या आरोपी मानव के निशान देही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया फरसा नशे की गोलियों का रैपर बरामद कर लिया है। आरोपियों ने हत्या के बाद घटना को गुलदार का हमला साबित करने की साजिश भी रची थी, जिससे पुलिस को गुमराह किया जा सके। आरोपियों ने योजना बनाई थी की हत्या के बाद गुलदार के हमले का शोर मचाना है। पुलिस और ग्रामीणों को लगे कि गुलदार ने ही मोंटी को मार दिया है। वहीं एसपी सिटी संजीव वाजपेई का कहना है कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। साथ ही पूरे मामले की विवेचना की जा रही है।

## हरिद्वार जिला कारागार में पन्द्रह कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए, हड़कम्प

**हरिद्वार, 9 अप्रैल (एजेंसी)।** हरिद्वार के रोशनाबाद स्थित जिला जेल से एक चौंकाने वाली और सनसनीखेज खबर सामने आई है। जिला कारागार में एक साथ 15 कैदियों के एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। ये खुलासा उस वक्त हुआ, जब विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जेल में कैदियों का रूटीन मेडिकल चेकअप किया गया। इसमें कैदियों का एचआईवी टेस्ट भी किया गया। रिपोर्ट आने पर 15 कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए, जिससे जेल प्रशासन के होश उड़ गए। जानकारी के मुताबिक, हरिद्वार जेल में करीब 1100 कैदी बंद हैं। ऐसे में एक साथ इतने कैदियों का एचआईवी पॉजिटिव मिलना न सिर्फ जेल प्रशासन बल्कि स्वास्थ्य महकमे के लिए भी चिंता का सबब बन गया है। एहतियात के तौर पर इन सभी संक्रमित कैदियों को बाकी कैदियों से अलग कर दिया गया है। उनके खाने-पीने से लेकर रहने तक की सारी व्यवस्थाएं अलग कर दी गई हैं। जेल अधीक्षक मनोज आर्य का कहना है कि अफवाहों को रोकने के लिए जेल में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि बाकी कैदियों में डर का माहौल ना फैले। इस मामले की रिपोर्ट शासन तक पहुंचा दी गई है और स्वास्थ्य विभाग की टीम अब जांच में जुटी हुई है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## सियासत, जांच एजेंसी और अदालत

इन दिनों सियासत बहकी हुई सी लग रही है और जांच एजेंसियां अपनी मस्ती में मस्त है या सत्ता के संकेत पर चल रही है और अदालतें वक्त-वक्त पर दोनों को नसीहत करती रहती हैं, फटकार लगाती रहती हैं। संसद से पास कानून को अपने राज्य में लागू न करने की बातें सुनने को मिल रही हैं, इसे सियासत का बहकना कहा जा रहा है। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन नाम लिखवाने के मामले में जांच एजेंसी को सुप्रीम कोर्ट से सुनना पड़ा है, इसे एजेंसी का अपनी मस्ती में अपनी मर्जी से काम करना कहा जा रहा है। भारतीय रेलवे में कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा है। कोर्ट ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी और व्यवसायी अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर विचार करने तक से इन्कार कर दिया है। सुनवाई के दौरान ईडी को फटकार लगाते हुए जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि मुख्य आरोपी खुले में घूम रहे हैं। सिर्फ छोटे लोगों के पीछे क्यों पड़े हैं? क्या आप उनसे डरते हैं? बाकी 11 आरोपियों को अब तक क्यों नहीं गिरफ्तार किया? सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अत्यंत गंभीर है। क्यों बड़े लोग खुले घूम रहे हैं, उन्हें क्यों गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है? जांच एजेंसी की कार्य शैली पर यह बड़ा प्रश्न है। यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। इस दौरान रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव पर आरोप है कि उन्होंने इन नियुक्तियों के बदले में लोगों से राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन के टुकड़े उपहार में लिए या हस्तांतरित कराए। 18 मई 2022 को इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी व्यक्तियों सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह मामला अब गंभीर मोड़ पर पहुंच चुका है, जिसमें केंद्रीय जांच एजेंसियां विभिन्न आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही हैं, इसमें लालू प्रसाद यादव के पारिवारिक सदस्यों के साथ कुल 12 आरोपी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने के पक्ष में नहीं हैं। कोई बड़ा आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ है और मुख्य आरोपी भी खुले में घूम रहे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने 17 सितंबर 2024 को अमित कत्याल को जमानत दी थी और ईडी की पिक एंड चूज नीति की आलोचना की थी। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया था कि बाकी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया, जबकि कत्याल जांच में सहयोग कर रहे थे। इसके बावजूद उन्हें रांची जाने से पहले इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अचानक गिरफ्तार किया गया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ईडी ने उनकी गिरफ्तारी की कोई आवश्यकता नहीं बताई और यह स्पष्ट किया कि कत्याल की भूमिका अन्य आरोपियों की तुलना में बहुत कम थी, जिससे उन्हें जमानत का हकदार माना गया। हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनाई गई पक्षपाती नीति की निंदा की थी और कत्याल को जमानत दे दी थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि मामले में किसी अन्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने और जांच में शामिल होने के बावजूद रांची के लिए उड़ान भरने से पहले इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्हें बेवजह हिरासत में लिया गया। जमानत आदेश में कहा गया कि एजेंसी उनकी गिरफ्तारी की जरूरत नहीं बता पाई। कोर्ट इस आधार पर भी कत्याल को जमानत का हकदार माना कि उनकी भूमिका अन्य आरोपियों की तुलना में काफी कम थी। ईडी की दलील थी कि कत्याल ने राजद सुप्रीमो के कथित भ्रष्ट कामों से हुई आय को संभालने में लालू और उनके परिवार के सदस्यों की सक्रिय रूप से मदद की। ईडी ने दावा किया था कि कत्याल एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी का निदेशक था। इसी कंपनी ने लालू की ओर से उम्मीदवारों से जमीन खरीदी थी। आरजेडी सुप्रीमो के परिवार के कुछ अन्य सदस्य भी इस मामले में आरोपी हैं। कत्याल ने समानता के आधार पर जमानत मांगी और कहा कि ईडी का भेदभावपूर्ण रवैया है। वहीं ईडी ने कहा कि कत्याल ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और उनके परिवार के साथ मिलकर घोटाले से प्राप्त धन की हेराफेरी में सक्रिय भूमिका निबाही। विचारणीय बात यह है कि इस मामले में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने जांच एजेंसी को बराबर नसीहत की। यह मामला निरंकुश और घटिया सियासत पर एजेंसी के अंकुश नहीं रख पाने का है, जिस पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने नाराजगी जतायी है। अपराधी और भ्रष्ट नेता से तो कोई उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह कानून की फिक्र करेगा। जांच एजेंसियों को अपना काम करते हुए किसी से भी नहीं डरना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल टीएन रवि पर भी टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया कि राज्यपाल चुनी हुई सरकार के फैसलों को नहीं रोक सकते हैं, वे अपने पास फाइलों को पूरे समय के लिए नहीं रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला अपने साथ कई व्यापक असर लेकर आया है। संविधान का जो अनुच्छेद 163 रहता है, वहां राज्यपाल की ताकतों के बारे में काफी विस्तार से बताया गया है। इसके अलावा आर्टिकल 200 में बिलों का जिक्र हुआ है, बताया गया है कि राज्यपाल उन बिल्स के साथ क्या कर सकते हैं। अब जब भी कोई राज्य सरकार किसी बिल को विधानसभा से पारित कर राज्यपाल के पास भेजती है, गर्वनर के पास तीन ऑप्शन रहते हैं- वे बिल को अपनी मंजूरी दे सकते हैं, वे बिल को मंजूरी नहीं दे सकते हैं, वे बिल को वापस विचार करने के लिए भेज सकते हैं, बिल को राष्ट्रपति के विचार करने के लिए छोड़ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर राज्यपाल की ताकतों को लेकर बहस की है। साल 2016 में अरुणाचल प्रदेश के एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा था कि राज्यपाल अनिश्चित काल के लिए किसी बिल पर नहीं बैठ सकते हैं, अगर कोई दिक्कत भी है तो उसे वापस राज्य सरकार को भेजना होगा, अपने सुझाव देने होंगे। इसी तरह जब पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के साथ जब तत्कालीन राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के साथ ठनी थी, सुप्रीम कोर्ट ने बोला था कि राज्यपाल किसी भी राज्य के लिए मनोनीत किए जाते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि आप राज्य विधानसभाओं द्वारा कानून बनाने की सामान्य सी प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप करने लग जाएं।

## ई-रिक्शे की चपेट में आकर बच्चा हुआ घायल

**बुढ़ाना, 09 अप्रैल (बु.)।** तेज रफ्तार ई-रिक्शे की चपेट में आकर घर के बाहर सड़क के किनारे खेल रहा एक मासूम बच्चा गंभीर रुप से घायल हो गया। इससे पहले घटना को अंजाम देने के बाद ई-रिक्शा चालक फरार होता, तब मौहल्लेवासियों ने भागदौड़ कर ई-रिक्शा चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।



मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे की सितारा मस्जिद के समीप रहने वाले अबरार अहमद का लगभग 05 साल का पुत्र अदनान आज बुधवार की सायं अपने घर के बाहर मौहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था, तब एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा के चालक ने बच्चे को ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर मार दी और भागने लगा, लेकिन बच्चे की चीख पुकार मौके पर आए मौहल्ले के लोगों ने भाग रहे ई-रिक्शा चालक को पकड़ लिया और घायल बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर ई-रिक्शा चालक को ई-रिक्शा सहित सूचना मिलते ही मौके पर आई बुढ़ाना पुलिस को सौंप दिया। समाचार लिखे जाने तक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई थी और उधर पुलिस ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# पब्लिक स्कूलों की मनमानी पर बिफरे क्रांतिसेना कार्यकर्ता

## - कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए जताया विरोध, किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** क्रांति सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पब्लिक स्कूलों द्वारा किए जा रहे अभिभावकों के शोषण को रोकने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए डीएम को सौंपे ज्ञापन में जिले में पब्लिक स्कूलों में शिक्षा जैसे पवित्र कार्य का व्यवसायीकरण किए जाने के आरोप लगाए। इस समस्या के निदान की मांग को लेकर डीएम से मिले कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रबंधन के अभिभावकों से मोटी फीस वसूलने के बावजूद उन्हें स्कूलों द्वारा तय दुकानदारों से पाठ्यक्रम खरीदने को विवश किए जाने के आरोप लगाए। क्रांति सेना के मंडल प्रमुख शरद कपूर ने आरोप लगाया कि पब्लिक स्कूल प्रबंधन पब्लिकेशन कंपनियों से 50 से 60 प्रतिशत तक कमीशन लेने की खातिर ही अभिभावकों को उन्हीं दुकानदारों से महंगा पाठ्यक्रम व महंगी ड्रेस खरीदने को भी विवश करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय में नर्सरी का कोर्स 600 रुपए के करीब है, वहीं पब्लिक स्कूल में नर्सरी कोर्स 5 से 7 हजार रुपए के बीच है। इसके साथ स्कूलों में एक बार विद्यार्थी के एडमिशन के बाद हर क्लास में



एडमिशन की परंपरा को जन्म दे दिया गया है जिससे प्रतिवर्ष एडमिशन फीस के नाम पर भी अभिभावकों का शोषण जारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों और उनके अभिभावकों से मोटी कमाई करने वाले पब्लिक स्कूल अपने यहां कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी पूरा वेतन नहीं देते हैं, उनसे 15 से 20 हजार रुपए वेतन रिसिविंग कराने के बाद सिर्फ 5 से 7 हजार रुपए ही वेतन दिया जाता है। क्रांतिसेना नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन पब्लिक स्कूलों की मनमानी नहीं रोकी गई अथवा अभिभावकों के शोषण को बंद नहीं किया तो पार्टी कार्यकर्ता ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर उन्हें सबक सिखाने की पहल करने से पीछे नहीं हटेंगी। इस दौरान क्रांतिसेना द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में पब्लिक स्कूलों की लूट पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि हर पब्लिक स्कूल में एनसीईआरटी का कोर्स लागू किया जाए साथ ही अभिभावकों को मनमानी दुकानों से पाठ्यक्रम खरीदने की छूट दी जाए। वहीं इन पब्लिक स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों को शासनादेश के तहत वेतन देने की व्यवस्था की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से देवेंद्र चौहान, नरेंद्र ठाकुर, अमित गुप्ता, उज्ज्वल पंडित, आशीष मिश्रा, आदित्य कश्यप, राजेंद्र पायल, हर्षित दीवान, रोहित धीमान, दीपक कश्यप, शैलेंद्र विश्वकर्मा, राकेश धीमान, विपुल गुप्ता, अमित मित्तल, अरविंद शर्मा, राकेश सोनकर, विनीत वर्मा, सचिन कुमार, वेदप्रकाश विश्वकर्मा आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लिंक रोड सड़क निर्माण की व्यापारियों ने की डीएम से मांग

## - डीएम की उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** लिंक रोड आदर्श कॉलोनी की सड़क के निर्माण को लेकर लंबे समय से प्रयासरत व्यापारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारी नेता शलभ गुप्ता एड. व जनार्दन विश्वकर्मा ने डीएम उमेश मिश्रा को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और जनपद में उनकी कार्य शैली की प्रशंसा की। व्यापारियों की आवाज संगठन के अध्यक्ष शलभ गुप्ता एवं महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार को उनके नेतृत्व में आदर्श कॉलोनी लिंक रोड के व्यापारियों के साथ एक प्रतिनिधिमंडल डीएम उमेश मिश्रा से मिला और भोपा रोड से लिंक रोड, जो गांधी कॉलोनी मेन रोड से मिलती है, वह बीते काफी समय से टूटी पड़ी है, जिसमें पूर्व में भी पीडब्लूडी के अधिकारियों और पालिका ईओ से मिलकर इस समस्या के निदान की मांग की थी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा यहां अपनी सड़क तो बनवा दी गई है, लेकिन आज तक पीडब्लूडी द्वारा अभी सड़क का कोई निर्माण नहीं किया गया, वहां सड़क में गड्ढे और पानी भरने के साथ कीचड़ रहती है, जिसके कारण वहां के व्यापार चौपट हो गये। इसके साथ एक्सीडेंट होते हैं। उन्होंने कहा कि मंदी की मार झेल रहे इन व्यापारियों की



समस्या के निदान की खातिर डीएम उमेश मिश्रा से मिलकर उन्हें व्यापारियों की समस्या से अवगत कराया।

मामले में डीएम ने अधिकारियों से बात करते हुए दो महीने के अंदर सड़क का उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से दीपक मित्तल सर्राफ, दर्शन सिंह, निखिल अरोरा, पवन अरोरा, अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बुस.)।** कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज में सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। सनातन धर्म सभा (रजि.) के अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कालेज अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग व कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म जू. हाईस्कूल के अध्यक्ष सुखदेव कुमार मित्तल (एडवोकेट), सनातन धर्म सभा (रजि.) के मंत्री सतीश कुमार गर्ग ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना व स्वागत गान की सुंदर प्रस्तुति के तत्पश्चात कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा वर्ष भर में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। एलकेजी से कक्षा-11 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं आराध्य कश्यप, अरशद, अनुराग, गौरांश, आंचल, सृष्टि, दीपेश, नताशा, माही मित्तल, वैष्णवी मित्तल, वंश सैनी, प्रिंस नामदेव को पुरस्कृत किया गया। देवांशी, अदिति, क्रिस्टल, महिमा, अंशिका, तमन्ना चावला, कृष्णा चौपाल, परिधि, अर्पिता, आस्था, अंशु, इशिका ने अपनी-अपनी कक्षा में द्वितीय तथा जानवी कश्यप, पूर्वी, अवनी, आशी रस्तोगी, तेजस, आरोही, शुभांगी, दिव्यांशी मित्तल, दिव्या, राशि, अनुराधा सिंगल, कृष्ण वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार ग्रहण किया। पूरे सत्र में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध, सुलेख, ग्रीटिंग कार्ड, झूला सज्जा, राखी बनाओ, मटकी सज्जा, मेहंदी आदि में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अमित गर्ग, विपिन कुमार संगल, अजय गर्ग, सुशील कुमार गोयल, अंजुल भूषण गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, अनिल कुमार बत्रा, अनमोल सिंगल, राघव गुप्ता, नवीन गुप्ता, अरविंद गर्ग, निखिल मित्तल, अभिनव स्वरूप बंसल, राजेश शरण, संजय गोयल, आनंद प्रकाश अग्रवाल, अनिल बंसल, वैभव मित्तल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक वर्ग का सहयोग रहा। शिवचरण दास गर्ग, सुखदेव कुमार मित्तल (एडवोकेट), सुशील कुमार गोयल, सतीश गर्ग ने छात्र-छात्राओं को उत्तरोत्तर सफलता पर हार्दिक बधाई व आशीर्वाद प्रदान किया। आगामी सत्र में सभी बच्चों को अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य राजीव गौतम ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया और आगामी सत्र में इससे भी अच्छे परीक्षा फल की आशा करते हुए कार्यक्रम को संपन्न की घोषणा की वंदे मातरम की धुन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने पर दिया डीएम ने जोर

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को धरातल पर उतारने की खातिर बुधवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम कार्यालय में संपन्न बैठक में जिले के युवा उद्यमियों की बेहतरी के लिए कार्य किए जाने के अफसरों को निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि



मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से संबंधित कोई भी पत्रावलियां पेंडिंग में ना रखी जाए। कलेक्ट्रेट स्थित डीएम दफ्तर में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा बैठक में डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से संबंधित कोई भी पत्रावलियां पेंडिंग में ना रखी जाए। उन्होंने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों निर्देश दिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से संबंधित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद को प्राप्त लक्ष्य पूर्ण कराते हुए बेरोजगार युवाओं को ऋण देते हुए उन्हें स्वयं के उद्योग स्थापित करने में सहयोग करने का बैंकों को निर्देश दिए। बैठक में उपयुक्त उद्योग जेस्मिन, शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक भोपा मीरपुर पंजाब नेशनल बैंक भूड़ खतौली बिरलसी गालिबपुर मीरापुर एचडीएफसी खतौली आदि उपस्थित रहे ।

# राजकीय पुस्तकालय परिसर में अब मिलेगा आरओ का पानी

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** राजकीय पुस्तकालय में बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में डीआईओएस राजेश श्रीवास ने साहित्यकार विजया गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए उनका इस नेक कार्य के प्रति आभार भी व्यक्त किया। बाल कल्याण समिति के सदस्य डा. राजीव कुमार व वरिष्ठ साहित्यकार एवं समाजसेवी कीर्ति वर्धन अग्रवाल ने इस सामाजिक कार्य के लिये विजया गुप्ता को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। पुस्तकालय अधीक्षक डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि अन्य व्यक्तियों को भी इस कार्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में समन्वयक आशीष द्विवेदी, अजय कुमार, अमित कुमार, विनोद कुमार, सुशील वर्मा, कपिल कुमार, अनिल कुमार, बालेंद्र सिंह, प्रदीप शर्मा, संजीव सिंह एवम अविनाश कुमार की उपस्थिति रही। उक्त आरओ वाटर कूलर से राजकीय पुस्तकालय में आने एवं पढ़ने वाले और आम जन लाभान्वित होंगे। पुस्तकालय अधीक्षक डॉ. रणवीर सिंह राजकीय पुस्तकालय के विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं।



## रामपुर तिराहा कांड : सरकार बनाम राधामोहन द्विवेदी मामले में सुनवाई अब 30 को

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तिथि नियत की है। गत एक अक्टूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट नम्बर दो में चल रही है। बुधवार को कोर्ट मे सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तिथि नियत की है।

## करोड़ों की ठगी मामले में आरोपी का किया चालान

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** जैविक खाद व प्लांट लगाने के नाम पर लोगों से करोडों की ठगी करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है। आरोपी बिचौलिये की भूमिका निभाकर कम्पनी से कमिशन लेता था। 25 फरवरी को थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी, जिसमें बताया था कि स्टेप फार्मिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड माझीपुर पोस्ट संसारपुर जिला सहारनपुर के प्रबंधक निदेशक (एमडी) हाजी इकराम ने अपनी दो अन्य कंपनी स्टेप्स फार्मिंग प्राइवेट लिमिटेड व एसएफ आर्गेनिक द्वारा एक साल पहले मुजफ्फरनगर में एक प्रोग्राम किया था, जिसमें कंपनी के प्रमोटर्स अब्दुल जुनेद अब्बासी निवासी ढंढेरा, रुड़की और खालिद अंसारी निवासी गंगोह जिला सहारनपुर ने बताया था कि कंपनी जैविक भारत मिशन के साथ बेरोजगारी के मुद्दे पर काम कर रही है। जैविक भारत मिशन के अंतर्गत कंपनी वर्मी कम्पोस्ट, केंचुआ खाद बनाती है। किसानों की जमीन पर केंचुआ खाद बनाने का प्लांट लगाया जाता है। मगलवार को थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी अब्दुल जुनैद अब्बास को गिरफ्तार कर लिया था।

**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त स्थायी न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर**

वाद संख्या T202409550113046 — सन 2024

1. रामपाल सिंह, 2. सोराम सिंह पुत्रगण लक्ष्मीचन्द 3. राजीव आर्य पुत्र सोराम सिंह, 4. अदवित आर्य ना0बा0 पुत्र आदित्य आर्य वली व संरक्षक दादा हकीकी रामपाल सिंह पुत्र लक्ष्मीचन्द
निवासीगण ग्राम-साल्हाखेड़ी परगना बघरा, तहसील सदर, जिला-मुजफ्फरनगर .............वादीगण

**बनाम**

1. रणधीर सिंह पुत्र मलखान, 2. नरेन्द्र कुमार पुत्र हरपाल, 3. सुनील कुमार पुत्र हरपाल
4. संगीता पत्नी हरदम सिंह, 5. अशोक कुमार पुत्र धर्मवीर
निवासीगण ग्राम-साल्हाखेड़ी परगना बघरा, तहसील सदर, जिला-मुजफ्फरनगर ..............प्रतिवादीगण

धारा 116 उ0प्र0 रा0 सं0 2006
ग्राम:- साल्हाखेड़ी
परगना:- बघरा
तहसील सदर जिला- मुजफ्फरनगर

वाद उपरोक्त रामपाल सिंह व सोराम सिंह व राजीव आर्य व अदवित आर्य ना0बा0 निवासीगण ग्राम साल्हाखेड़ी, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर द्वारा दायर किया गया है। वाद उक्त की बाबत प्रतिवादी को वाद उक्त के सम्बन्ध में हुक्म दिया जाता है कि आप दिनांक 24/04/2025 को प्रात: 10 बजे स्वयं या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई किया गया हो और कुछ उमर अहम मुतालिका जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को, जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करें। अगर बराजे मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूह फैसला होगा।
बस्तव मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 04/04/2025 ई0 को जारी किया गया।

नियत तिथि :- 24/04/2025
सील न्यायालय

उपजिलाधिकारी अतिरिक्त
स्थायी न्यायालय मुजफ्फरनगर।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9437, दिनांक 28/08/2019 में गलती से माता का नाम दिव्या अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम दिव्या रानी है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**दिव्या रानी**
**पत्नी श्री मनीष कुमार**
24/42, कल्याणपुरी, नियर वाटर टैंक, मुजफ्फरनगर

# विधानसभा अध्यक्ष के शुकतीर्थ आगमन की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**भोपा, 09 अप्रैल (बु.)।** शुकतीर्थ स्थित हनुमत धाम में 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले संत सम्मेलन में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के शुकतीर्थ आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। बुधवार को कई ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों ने शुकतीर्थ के मुख्य मार्गो, गंगा घाट, शमशान घाट, मेला ग्राउंड आदि जगहों पर सफाई अभियान चलाते हुए साफ-सफाई की। डीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुकतीर्थ स्थित हनुमतधाम में 11 अप्रैल को आयोजित होने वाले संत सम्मेलन में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी भाग लेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। बुधवार को ब्लॉक चरथावल के एडीओ शकील अहमद, सचिव गौरव बालियान, मोहित बालियान के नेतृत्व में कल्याणी घाट, ब्लॉक बघरा के एडीओ अलीमुदीन के नेतृत्व में नक्षत्र वाटिका, ब्लॉक शाहपुर के सचिव मनु शर्मा के नेतृत्व में मेला ग्राउंड, ब्लॉक बुढ़ाना के एडीओ ओमकुमार, सचिव अवनीश, राहुल के नेतृत्व में कारगिल स्मारक, ब्लॉक पुरकाजी के एडीओ सोमदत्त, सचिव मयंक, विनीत, विकास के नेतृत्व में घंटी, ब्लॉक जानसठ के एडीओ धर्मसिंह, सचिव प्रेमपाल, अनुराधा के नेतृत्व में हनुमतधाम मार्ग व ब्लॉक मोरना के एडीओ योगेश्वरदत्त त्यागी, सचिव फैसल, प्रांजल, जितेन्द्र के नेतृत्व में मुख्य द्वार से गंगा घाट तक साफ सफाई की। सफाई कर्मचारियों ने शुकतीर्थ के मुख्य मार्गो, गंगा घाट, शमशान घाट, नक्षत्र वाटिका, मेला ग्राउंड आदि जगहों पर सफाई अभियान चलाते हुए साफ सफाई की।

## चार तीर

सुनील उत्सव

'फतह' 'वोट' 'बिरान' 'फूल'

लड़े थे मिल मिला के हम, मगर फतह न हो सकी,
न हमको वोट मिल सके, न तुमको वोट मिल सके।
के हम भी अब बिरान है,के तुम भी अब बिरान हो,
न तुमको खुशियाँ मिल सकी, न अपने फूल खिल सके।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक - मु.चि.अ./एन.एच.एम./एल.टी./वॉक-इन-इंटरव्यू/2025-26/-29 — दिनांक : 09-04-2025

**विज्ञप्ति**

उ.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, लखनऊ के पत्रांक - एड्स सोसा./F-117/ICTC/Vacancy/2024-25/774 दिनांक 04-09-2024 एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य के अनुमोदन दिनांक 05-04-2025 के क्रम में जनपद में आई.सी.टी.सी. सेंटर, सी.एच.सी.-जानसठ, मुजफ्फरनगर हेतु 01 लैब टैक्नीशियन (संविदा) हेतु प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में संविदा के आधार पर वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से नियुक्ति की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्र.सं. | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | फैसिलिटी का नाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | अनुभव | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित | रिक्त पदों के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रु. प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | NACP | Lab Technician | CHC-Jansath | B.Sc. in Medical Laboratory technology (BMLT) or BMLS. Diploma in Medical Laboratory Technology (DMLT) or DMLS with the course duration of at least 2 years. Recognised by state government / central government. | (1) -Two years of experience of working in diagnostic laboratory for those with B.Sc./ Diploma in Medical Laboratory Technology (Course duration of Two Years) (2)- One years experience for those working in diagnostic laboratory in candidate having M.Sc. in Medical Laboratory Technology (3)- Candidate with experience of working in accredited labs or those labs who have applied for accreditation will be preferred. | 01-(UR) | 21,000-00 |

**Desirable - M.Sc. in Medical Laboratory Technology / MMLS**

**आवेदन हेतु निर्देश :-**

1. उपरोक्त विज्ञापित पदों पर आवेदन **दिनांक 16.04.2025 से दिनांक 06.05.2025** तक पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करा सकते हैं। **दिनांक 06.05.2025** के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ आवेदन फॉर्म, नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित स्वप्रमाणित शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, उ.प्र. प्रदेश मेडिकल फैकल्टी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ, ई-मेल आई.डी., व्हाट्सअप मोबाइल नम्बर तथा पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित अवश्य अंकित करें।
2. प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग (छटनी) के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान हेतु अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी ई-मेल आई.डी. एवं मोबाइल नम्बर के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
3. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूची मुजफ्फरनगर एन.आई.सी. के वेबसाइट http://muzaffarnagar.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी।
4. यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तों के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
5. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
6. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।
7. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 62 वर्ष से अधिक न हो।
8. चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
9. कोई भी प्रतिकूल प्रविष्टि/तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त करने का अधिकार जिला स्वास्थ्य समिति में निहित होगा।

(डॉ. सुनील तेवतिया)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुजफ्फरनगर

**कार्यालय जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर**

संख्या 22/नाजिर सदर-प्रदर्शनी — (विज्ञप्ति) — दिनांक 09/04/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला राईफल एसोसिएशन मुजफ्फरनगर में एक वर्ष हेतु एसोसिएशन द्वारा निर्धारित मानदेय पर एक कोच अस्थाई की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-
पोस्ट का नाम:- कोच अस्थाई
रिक्ति की संख्या:- 01
आयु:- 30 वर्ष से 60 वर्ष तक। आयु गणना 01-04-2025
अनुभव:- एन0आर0आई0 का अनुभव प्रमाण पत्र।
वरीयता:- जनपद मुजफ्फरनगर के निवासी को वरीयता।

इच्छुक व्यक्ति 30-04-2025 तक निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन पत्र नजारत अधिष्ठान कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में डाक/स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध करा सकते है। दिनांक 30-04-2025 से उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवेदन पत्र प्रारूप**

नाम ..............................
पिता का नाम ..............................
आयु ..............................पुरूष/महिला ..............................
श्रेणी .............................. राष्ट्रीयता ..............................
पता ..............................
..............................
मोबाईल नं. .............................. ई-मेल आई0डी0 ..............................
शैक्षिक योग्यता (संलग्न करें) ..............................
..............................
अनुभव (संलग्न करें) ..............................

आवेदक के हस्ताक्षर तिथि सहित

नगर मजिस्ट्रेट/सचिव
जिला राईफल एसोसिएशन
मुजफ्फरनगर।

# मुकदमा वापस न लेने पर मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** नई मंडी कोतवाली के अलमासपुर में मुकदमा वापस न लेने पर एक युवक के साथ उसके सौतेले भाइयों व अन्य ने मारपीट की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अलमासपुर निवासी विकास ने बताया कि उसके सौतेले भाइयों व अन्य लोगों ने उसके व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। आरोप है कि उसके सौतेले भाई व अन्य परिजन उस पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे है। विरोध करने पर उसके साथ मंगलवार शाम को मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी बंटी, ममता, अनिता, शालू व वशु, मोहित जान से मारने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



# पीआरडी के जवानों ने ड्यूटी के लिए जताया अफसरों का आभार

**मुजफ्फरनगर, 09 अप्रैल (बु.)।** पीआरडी के जवानों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर समस्याओं के निदान किए जाने पर अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी पीआरडी जवानों की मदद किए जाने की बात की। लंबे समय से आर्थिक तंगी एवं अपनी ड्यूटी को लेकर आशंकित रहे इन जवानों ने डीएम उमेश मिश्रा के साथ जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। बुधवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे जनपद के इन पीआरडी जवानों ने बताया कि पूर्व में जिले में 375 ड्यूटी के मुकाबले वर्तमान में करीब 471 ड्यूटी का किया जाना सराहनीय कदम है, जिससे उनकी समस्याओं का पूर्ण निराकरण होने के साथ रोजगार जैसी समस्याओं का निदान हो गया है। उन्होंने बताया कि गैर विभागीय विभागों में 104 ड्यूटी, विभागीय ड्यूटी 97 जवानों को ड्यूटी का इंतजार करना पड़ता था, जबकि सक्रिय जवानों की संख्या 471 थी, इसमें हुई बढ़ोतरी के साथ वर्तमान में आपके प्रयासों से हर थाने में 13 ड्यूटी व यातायात में 60 ड्यूटी दिए जाने के साथ ही वेतन में भी बढ़ोतरी की गई है, जिससे पीआरडी जवानों में बड़ी खुशी है और परिवार के सामने पूर्व में रहा रोजगार का संकट भी समाप्त हो गया है। इस दौरान सचिन त्यागी, सतेन्द्र, राज सिंह, अशोक, संजीव, हरीश, प्रवेज, सरताज, फरमान, शैंकी, राहुल, रविन्द्र, सुषमा, सरिता आदि मौजूद रहे।

